समाचार–प्रकाशनार्थ :–

स्वच्छता के लिये दौड़ा रतलाम

रतलाम 24 दिसम्बर । स्वच्छ सर्वेक्षण–2022 के तहत 25 दिसम्बर शनिवार को प्रेरणा कार्यशाला के तहत प्लॉग रन को कलेक्टर श्री कुमार पुरूषोत्तम ने न्यू कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर से हरी झण्डी दिखाकर स्वच्छता जागरूकता के लिये रवाना किया।

प्लॉग रन से पूर्व रन में सम्मिलित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक मिडिया बंधु, अधिकारी, कर्मचारो, स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थी, शिक्षक–शिक्षिकाओं को कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री पुरूषोत्तम ने सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता शासन का नहीं बल्कि हम सभी का अभियान है। काई भी देश साफ–स्वच्छ है तो वह वहां के नागरिकों की वजह से क्योंकि वहां के नागरिक स्वच्छता के लिये जागरूक है इसलिये हमें हमारे देश, प्रदेश व नगर को साफ–स्वच्छ बनाने के लिये जागरूक होना होगा। स्वच्छता के लिये हमारे पास इंदौर एक उदाहरण है वहां के नागरिक ना तो गंदगी करते है और ना ही करने देते है इसलिये हम सभी को यह शपथ लेना होगी की ना हम गंदगी करेंगे और ना करने देगें अगर कही गंदगी दिखाई दी उसे साफ करेंगे व रतलाम नगर को स्वच्छता में नम्बर–1 बनायेंगे।

पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है, स्वच्छता को उन्हे अपने जीवन में आत्मसात करना होगा जिसके हमें दूरगामी परिणाम मिलेंगे। उन्होने कहा कि स्वस्थ रहने के लिये स्वच्छता आवश्यक है क्योंकि स्वच्छता ही स्वस्थ जीवन का धोतक है।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने इस अवसर पर कहा स्वच्छता के कार्य में शासन, प्रशासन व सफाई मित्रों का योगदान रहता है किन्तु सबसे बड़ा योगदान नागरिकों का रहता है इसलिये रतलाम नगर के सभो नागरिकां को जागरूक होना होगा। नगर के नागरिक यह संकल्प लेंगे की हम अपने घर, दुकान व व्यावसायिक प्रतिष्ठनों का कचरा खुल में नहीं डालेंगे, कचरे का पृथक्कीकरण कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन में भी डालेंगे तो रतलाम नगर को स्वच्छता में नम्बर–1 बनाने से कोई नहीं रोक सकता।

प्लाग रन से दिया स्वच्छता का संदेश

प्लॉग रन की शुरूआत न्यू कलेक्टोरेट से प्रारंभ हुई जिसमें आगे–आगे स्वच्छता संदेश प्रसारित किये जा रहे थे व रन में सम्मिलित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक मिडिया बंधु, अधिकारी, कर्मचारो, स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थी, शिक्षक–शिक्षिकाओं ने गीले कचरे के लिये हरा व सूखे कचरे के लिये नीला बैग लेकर, मास्क लगाकर व हाथों में दस्ताने पहनकर रन के मार्गो पर जहां–जहां कचरा दिखाई दिया उसे एकत्रित कर स्वच्छता संदेश देकर बताया कि स्वच्छता कोई छोटा कार्य नहीं है इसे सभी को करना चाहिये। रन न्यू कलेक्टोरे से होते हुए फव्वारा चौक, मित्र निवास रोड, लोकेन्द्र भवन रोड, महाराजा सज्जन सिंह प्रतिमा तिराहा, अम्बेडकर सर्कल, मेंहदी कुई बालाजी तिराहा, गुलाब चक्कर होते हुए श्री कालिका माता परिसर पंहूची जहां रैली का समापन किया गया।

स्वच्छता प्रेरक, सफाई मित्र व नागरिकों का हुआ सम्मान स्वच्छता की ली शपथ

प्लॉग रन समापन के पश्चात श्री कालिका माता परिसर में आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता के कार्य में अपना योदान देने वाले नागरिक, सफाई मित्र व स्वच्छता प्रेरक पद्मश्री डॉ0 लीला जोशी, श्रीमती दिव्या पाटीदार जोशी, श्री नवोदित बैरागी, श्री राजा ठाकुर, सुश्री

अंजू सूर्यवंशी, श्री अनुज शर्मा, श्री कमल कुमार (पेंटर), श्री सचिन चौपड़ा, श्री संदीप चौहान, श्री मंथन मक्षल, श्रीमती रामकन्याबाई, श्रीमती रेखाबाई, श्रीमती अनिताबाई, श्री प्रदीप–रामप्रसाद, श्री अर्जून गौसर, श्रीमती शांतिबाई, श्री संजय खरे, श्री नयन शिन्दे आदि का सम्मान भाजपा जिलाध्यक्ष श्री राजेन्द्रसिंह लुनेरा, अशोक पोरवाल, निर्मल कटारिया, विप्लव जैन, गोविन्द काकानी, मनोहर पोरवाल, प्रदीप उपाध्याय, निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, स्वास्थ्य अधिकारी श्री जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी आदि प्रशस्ति–पत्र व पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मान किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री राजेन्द्रसिंह लूनेरा ने उपस्थितजनों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

स्वच्छता गीतों की प्रस्तुति से नागरिकों को किया जागरूक

निगम आयुक्त श्री झारिया ने भी दी सुमधुर गीतों की प्रस्तुति

श्री कालिका माता परिसर में आयोजित स्वच्छता प्रेरणा महोत्सव कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वच्छता गीतों की प्रस्तुति दी गई वहीं निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने भी सुमधुर गीतो की प्रस्तुति दी।

आयोजित कार्यक्रम में निगम आयुक्त श्री झारिया ने मंच से मधूबन खुशबू देता है, आ चल तुझे लेके चलू एक ऐसे गगन के तले, जो राह चुनी तुने उस राह पर चलते जाना रे जैसे सुमधुर गीतो की प्रस्तुति दी वही पंडित म्यूजिक इवेन्ट के गायको आशीष दशोत्तर का लिखा गीत मेरा रतलाम स्वच्छ बनाना है के अलावा स्वच्छता, देश भक्ति आदि गीतो की प्रस्तुति दी।

मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह जी चौहान के उद्बोधन को देखा व सुना

स्वच्छता प्रेरणा महोत्सव के तहत इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा स्वच्छता जागरूकता पर दिये गये उद्बोधन को उपस्थितजनों ने एलईडी के माध्यम से देखा व सुना।

कार्यक्रम का संचालन श्री आशीष दशोत्तर ने किया व आभार उपायुक्त श्री विकास सोलंकी ने माना।

समाचार / ज.सं.वि. / हेमन्त / 25.12.2021 / न.पा.निगम, रतलाम.